पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2019

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रानुसार दिनांक 21.06.2019 को पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाविद्यालय क्रीड़ागन में महाविद्यालय एवं 1 MP R&V SQN राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। योग का आयोजन योगगुरू अंजना तिवारी एवं कर्नल के. शिवाजी, ऑफिसर कमांडिग, 1 MP R&V SQN के सानिध्य में किया गया। उन्होनें योग की विभिन्न विधाओं अनुलोम–विलोम, कपाल भारती, मुद्रासान, वज्रासन, स्वस्तिकासन, इत्यादि के योगाभ्यास करवाये एवं योगासनों से होने वाले लाभों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप एवं विधिवत् क्रियान्वित करने में नोडल अधिकारी डॉ. रणधीर सिंह एवं डॉ देवेन्द्र गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस योग कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता संकाय, डॉ. एस.एन.एस. परमार, संचालक अनुसंधान सेवाएं, डॉ. वाय.पी. साहनी, महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. पी.सी. शुक्ला, एवं शिक्षकगण डॉ. मधु स्वामी, डॉ. ए.के. गौर, डॉ. अपरा शाही, डॉ राखी वैश्य, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ सुमन कुमार, डॉ निधि गुप्ता, डॉ अजय राय, डॉ. अर्पणा रैकवार, डॉ हरी. आर., छात्र–छात्रायें एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आयुषी शाह ने किया।

सूचना एवं जनसपंर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)